

पृष्ठ संख्या 2

डाक पंजीयन संख्या- RJ/JPM/160/2024-26

RNI NO.- RAJHIN/2021/80841

# संस्कार सृजन

हिन्दी पाक्षिक

CBC CODE-134222



सम्पादकः राम गोपाल सैनी
मो.: 9214996258

वर्षः 05 | अंकः 6 | पृष्ठ : 4 | जयपुर, सोमवार 22 जून, 2026 | मूल्यः 05 रू. | वार्षिक मूल्य : 150 रू.

# विराज फाउंडेशन ने संस्कृत गौरव सम्मान से 51 विद्वानों को किया अलंकृत

**चौमूं (संस्कार सृजन)**

विराज फाउंडेशन के तत्वावधान में वेद-वेदांग प्रकोष्ठ द्वारा मोरीजा रोड स्थित ओसियन ब्लू होटल में पहली बार संस्कृत गौरव सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक विद्वान श्रीराम चतुर्वेदी द्वारा मंगलाचरण के साथ हुआ।

कार्यक्रम में श्री श्री 1008 नरसिंहपुरी महाराज एवं महामंडलेश्वर हरिकृष्ण दास ग्वालिया बाबा का पावन सानिध्य प्राप्त हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व कुलपति प्रो. अर्कनाथ चौधरी, विशिष्ट अतिथि पूर्व कुलपति प्रो. ताराशंकर पांडे तथा अति विशिष्ट अतिथि विप्र कल्याण बोर्ड की पूर्व उपाध्यक्ष मंजू शर्मा रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता विराज फाउंडेशन के प्रदेशाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी ने की।



कार्यक्रम संयोजक एवं वेद-वेदांग प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष आचार्य पंडित अरुण कुमार शर्मा तथा फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने आगंतुक अतिथियों एवं विद्वानों का माल्यार्पण, शॉल, दुपट्टा एवं सम्मान-पत्र भेंट कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर संस्कृत भाषा, वैदिक परंपरा एवं भारतीय संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 51 विद्वानों को संस्कृत गौरव सम्मान से अलंकृत किया गया। अपने उद्बोधन में विद्वानों ने संस्कृत शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इतने विशिष्ट विद्वानों का एक स्थान पर एकत्र होना अपने आप में एक दुर्लभ एवं ऐतिहासिक अवसर है। वक्ताओं ने संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार तथा नई पीढ़ी को इससे जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यक्रम में डॉ. ओमप्रकाश शर्मा, बनवारीलाल शर्मा, डॉ. रामप्रकाश शर्मा, चंद्रप्रकाश शर्मा, नारायणलाल शर्मा, ओमप्रकाश रीडर, नरेंद्र सिंह सोलंकी, डॉ. एम.के. अग्रवाल, डॉ. सीताराम कुमावत, सी एम सैनी, डॉ. सुधांशु पांडे, इंद्रकुमार शर्मा, डॉ. पवन कुमार तिवाडी, सत्यप्रकाश पारीक, कैप्टन श्रीराम शर्मा, मुकेश लालानी, मुकेश दीक्षित, राजेश माहेश्वरी, राधेश्याम जोशी, दामोदर प्रसाद खाडल, डॉ. सुरेंद्र शर्मा, डॉ. रामविलास शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



## रोडवेज बसों का संचालन नहीं होने से हो रही परेशानी

**जयपुर (संस्कार सृजन)।** चंदवाजी से चौमूं जाने वाली रोडवेज बस वर्तमान में विजयसिंहपुरा, कुशलपुरा एवं फतेहपुरा गांवों से होकर संचालित नहीं होती है। इन गांवों के विद्यार्थियों, कर्मचारियों, किसानों एवं आम यात्रियों को चौमूं एवं चंदवाजी आने-जाने में अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

उक्त गांवों की जनसंख्या पर्याप्त होने के बावजूद नियमित रोडवेज बस सुविधा उपलब्ध नहीं है, जिससे ग्रामीणों को निजी वाहनों पर निर्भर रहना पड़ता है तथा अतिरिक्त आर्थिक भार उठाना पड़ता है। अतः आपसे विनम्र अनुरोध है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए चंदवाजी से चौमूं जाने वाली रोडवेज बस को विजयसिंहपुरा-कुशलपुरा- फतेहपुरा मार्ग से संचालित करने की कृपा करें, जिससे क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिल सके। इस दौरान विष्णु शर्मा, प्रकाश, संपत पंचोली, बाबूलाल व अन्य लोग मौजूद रहे।

## पूर्व विधायक शर्मा के जन्मदिवस पर 51 मूकबधिर विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**जयपुर (संस्कार सृजन)।** ग्राम चारणवास स्थित स्वीट वॉयस विद्यालय में शनिवार को पूर्व विधायक रामलाल शर्मा के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मूकबधिर विद्यार्थियों के सम्मान समारोह एवं 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 51 मूकबधिर विद्यार्थियों को पुस्तक, पेन, पेंसिल एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। वहीं विद्यालय परिसर में 11 पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जयपुर देहात उत्तर के जिला प्रवक्ता अरविन्द यादव ने कहा कि मूकबधिर बचे समाज की विशेष प्रतिभाएं हैं। उन्हें उचित अवसर, प्रोत्साहन और सम्मान देकर आत्मनिर्भर एवं आत्मविश्वासी बनाया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक रामलाल शर्मा के जन्मदिवस पर सेवा, शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यक्रम समाज में सकारात्मक सोच और जनभागीदारी को बढ़ावा दे रहे हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कालाडेरा भाजपा मंडल अध्यक्ष लालचंद यादव ने कहा कि शिक्षा और संस्कार किसी भी समाज की सबसे बड़ी पूंजी हैं।




मूकबधिर विद्यार्थियों का सम्मान समाज की संवेदनशीलता का परिचायक है। ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को सेवा, समर्पण और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों एवं विद्यार्थियों ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत विद्यालय परिसर में 11 पौधे लगाए तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

इस अवसर पर विद्यालय निदेशक अजीत सिंह पालावत, भाजपा नेता ओमप्रकाश धामानी, मुकेश डागर, कृष्ण यादव, संदीप भाकर, महेंद्र चौधरी, विजय शेरावत, सुभाष यादव, ओमप्रकाश यादव, राकेश चाहर, राकेश खटोजा, सुनील सैनी, मदन यादव, रवि कुमावत, राजेश मीणा, अंकित ग्रेड, बाबूलाल गुर्जर, कमलेश यादव, प्रमोद जाट, प्रकाश ओला, मुकेश चौधरी, अर्जुन सोकरिया, रामू शेरावत, प्रदीप सिंह पालावत सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## परशुराम सेवा समिति के सदस्यों ने हनुमत कथा के दौरान लोगों का किया सम्मान

**जयपुर (संस्कार सृजन)।** मां वैष्णो देवी सेवा समिति के तत्वाधान में शहर के मां वैष्णो देवी मंदिर में चल रही हनुमत कथा में कथा वाचक महेश हवेली वालो ने हनुमान जी व श्री रामचंद्र जी की महिमा का गुणगान किया। साथ ही विभिन्न भजनों की शानदार प्रस्तुति दी। जिसने श्रद्धालुओ का मन मोह लिया तथा उन्हें नाचने को मजबूर कर दिया। हनुमान जी, सीता माता का पता लगाने के लिए जब लंका गये, तब विभीषण जी के पास श्री राम जी का गुणगान किया। हनुमान जी ने कहा कि मैं सीता माता को अपनी माता मानता हूं और आप विभीषण



जी श्री राम जी को अपने पितातुल्य मानते हैं ,आप मुझे मेरी माता के दर्शन करवा दो और मैं आपको आपके पिता तुल्य श्री राम जी हैं उनके दर्शन करवा दूंगा । कथावाचक महेश जी हवेली वालो का परशुराम सेवा समिति के सदस्यों के द्वारा शाल एवं दुपट्टा पहना कर स्वागत किया। जिसमें शिक्षाविद हजारी लाल शर्मा, समाजसेवी कैलाश तिवारी, मेघराज शर्मा, अशोक रेवड़का, महेश चंद्र शर्मा, रामस्वरूप शर्मा, डॉक्टर सांवरमल शर्मा, सत्य प्रकाश पारीक, ओमप्रकाश, सीताराम आदि उपस्थित रहे। साथ ही समिति के सदस्यों ने मां वैष्णो देवी मंदिर के पुजारी कैलाश भगत का भी दुपट्टा व माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# फ्रांस में मोदी-ट्रंप द्विपक्षीय बातचीत के मायने

फ्रांस के विख्यात के एवियन-लेस-बेन्स में जी-7 की बैठक से इतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच द्विपक्षीय बैठक भारत-अमेरिका संबंधों के बदलते दौर का प्रमाण है। 16 महीने बाद दोनों नेताओं की आमने-सामने की इस मुलाकात से न केवल आपसी भागीदारी मजबूत हुई, बल्कि हाल के दिनों में सामने आई चुनौतियां भी उजागर हुई हैं। बातचीत में दोनों देशों के संबंधों का दायरा बढ़ा है। हालांकि, कोई इसमें बड़ी कामयाबी नहीं मिल पाई, पर बातचीत जारी रखने की इच्छा यह बताती है कि दोनों सरकारें व्यापक रणनीतिक साझेदारी को बनाए रखने में आर्थिक संबंधों के महत्व को समझती हैं। यह बैठक ऐसे समय में हुई है, जब ट्रंप प्रशासन की विदेश नीति को लेकर भारत में बेचैनी बढ़ रही थी। भारत अमेरिका को अपना सबसे अहम रणनीतिक साझेदार मानता है, पर समझौतों और साझेदारियों के प्रति ट्रंप प्रशासन की मोल-भाव वाली नीति रहती है। उस पर भी अचानक पलटी मार जाने की उसकी आदत ने भारतीय नीति-निर्माताओं को उसके प्रति शंकालु बना दिया है।होर्मुज जलमार्ग में अमेरिकी नौसेना के हमलों में भारतीय मूल के नाविकों की मौत ने इस चिंता को और बढ़ा दिया है। नई दिल्ली को उम्मीद रहती है कि अमेरिका से रणनीतिक सहयोग होने पर विदेश में भारतीय नागरिकों के हितों की सुरक्षा होगी। कुछ अमेरिकी सैन्य व प्रशासनिक संदर्भों में 'हिंद-प्रशांत' शब्द की जगह पुराने 'पैसिफिक कमांड' नाम पर लौटने जैसी खबरों ने भी भारत का ध्यान खींचा है। नई दिल्ली के लिए हिंद-प्रशांत की अवधारणा सिर्फ शब्दों का खेल नहीं है, बल्कि यह क्षेत्रीय शक्ति संतुलन बनाने में भारत की भूमिका दर्शाती है। इस ढांचे में किसी बदलाव से यह चिंता पैदा होती है कि कहीं वाशिंगटन की मंशा भारत की भूमिका कम करने की तो नहीं है या वह हाल के द्विपक्षीय और बहुपक्षीय सहयोग की नींव को कमजोर तो नहीं करना चाहता? ऐसे में, मोदी-ट्रंप मुलाकात की अहमियत और बढ़ गई है। समुद्री सुरक्षा और भारतीय नागरिकों की सुरक्षा पर प्रधानमंत्री मोदी का जोर यह दिखाता है कि नई दिल्ली यह सुनिश्चित करना चाहती है कि तात्कालिक चिंताएं व्यापक रणनीति के नीचे दबने न पाएं। अपनी तरफ से ट्रंप प्रशासन ने साझेदारी के प्रति अमेरिका का भरोसा दिलाया है। दोनों नेताओं ने उभरती और दीर्घकालिक चुनौतियों पर भी विचार-विमर्श किया, जिनमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), आपूर्ति शृंखला, ऊर्जा सुरक्षा, निवेश और वैश्विक आर्थिक विकास शामिल हैं। एजेंडे की व्यापकता बताती है कि भारत-अमेरिका साझेदारी केवल पारंपरिक सुरक्षा चिंताओं तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें तेजी से ऐसे मुद्दे शामिल हो रहे हैं, जो भविष्य की वैश्विक व्यवस्था को आकार देंगे। इस बैठक से भारत के कई मकसद सधे। उसे बड़े अंतरराष्ट्रीय मंच पर 'ग्लोबल साउथ' की चिंताओं और आकांक्षाओं को रखने का मौका मिला। साथ ही क्षेत्रीय स्थिरता में उसकी भागीदारी पुख्ता हुई। इन चर्चाओं ने आर्थिक साझेदारियों में विविधता लाने और नई तकनीक व आपूर्ति शृंखला के बीच बेहतर समन्वय बनाने की नई दिल्ली की कोशिशों को भी आगे बढ़ाया है। गौर करने वाली बात यह है कि इस बैठक ने हालिया तनाव को संबंधों पर हावी नहीं होने दिया। हाल की घटनाओं ने यह याद दिलाया है कि साझेदारियों के लिए लगातार ध्यान और राजनीतिक भरोसे की जरूरत होती है। सबसे अहम बात, इस बैठक ने राजनीतिक नेतृत्व की स्थायी महत्ता को रेखांकित किया है। मोदी-ट्रंप द्विपक्षीय बैठक का महत्व तात्कालिक नतीजे में नहीं, बल्कि इसके रणनीतिक संदेश में छिपा है। इसका मकसद दोनों पक्षों को यह भरोसा दिलाना है कि हाल में उभरे कुछ मतभेद उस रिश्ते को बेपटरी नहीं कर सकेंगे, जो उनके संबंधित भू-राजनीतिक हिसाब-किताब के लिए अहम है। इससे यह सच्चाई भी उजागर हुई है कि भले ही भारत-अमेरिका संबंध ढांचागत रूप से गहरे होते जा रहे हों, लेकिन उम्मीदों का बेहतर प्रबंधन और विश्वसनीयता व भरोसे से जुड़ी चिंताओं को दूर करना इस द्विपक्षीय साझेदारी को टिकाऊ बनाए रखने में महत्वपूर्ण होगा।




# ब्रेकफास्ट में शामिल करें टमाटर का जूस, पूरे दिन रहेंगी एक्टिव

पोषक तत्वों से भरपूर टमाटर का प्रयोग चटनी और तरह-तरह के व्यंजनों के स्वाद को बढ़ाने के लिए किया जाता है। साइडर के तौर पर प्रयोग होने वाला टमाटर आपकी स्वास्थ्य समस्याओं का एक रामबाण इलाज हो सकता है। इसमें कई ऐसे जरूरी पोषक तत्व है जो सेहत के लिए काफी ज्यादा महत्वपूर्ण होते हैं। तो इन्हें साइडर के तौर पर इस्तेमाल करने की जगह अपने नियमित डाइट में शामिल कर सकती हैं। मिनरल्स और विटामिन से भरपूर टमाटर के जूस को ब्रेकफास्ट में लें। यह आपके पेट को साफ़ रखेगा और आपको पुरे दिन एक्टिव रहने में मदद करेगा। तो चलिए जानते है इसके स्वास्थ्य लाभ और इसे बनाने की आसान सी रेसिपी।

**पहले जाने क्यों खास है टमाटर**-टमाटर में 95% तक वॉटर मौजूद होता है। वहीं 5% में कार्बोहाइड्रेट और फाइबर की मात्रा पाई जाती है। इसके साथ ही टमाटर में विटामिन और मिनरल्स की एक संभव मात्रा मौजूद होती है। विटामिन सी शरीर के लिए एक आवश्यक पोषक तत्व होने के साथ ही एंटी ऑक्सीडेंट का एक अच्छा स्रोत होता है। वहीं नेशनल लाइब्रेरी ऑफ़ मेडिसिन द्वारा प्रकाशित एक डेटा के अनुसार टमाटर में मौजूद पोटैशियम ब्लड शुगर लेवल और हार्ट हेल्थ को बनाए रखतीं है। इसी के साथ विटामिन के1 और विटामिन के ब्लड क्लोटिंग और बोन हेल्थ के लिए फायदेमंद होती है। रिसर्च के अनुसार टमाटर फोलेट और विटामिन बी9 का एक अच्छा स्रोत होता है। यह टिशु ग्रोथ और सेल फंक्शन के लिए आवश्यक पोषक तत्वों में से एक है। इसके साथ ही प्रेग्नेंट महिलाओं को अवश्य इसका सेवन करना चाहिए।

**यहां जानें स्किन के लिए कैसे फायदेमंद है टमाटर का जूस** पब मेड सेंट्रल द्वारा टमाटर को लेकर किये गए एक अध्ययन के अनुसार टमाटर का जूस सन टैनिंग, स्किन डिस्कलेरशन और एक्ने जैसी समस्याओं में फायदेमंद होता है। इसके साथ ही स्किन पोर्स को श्रिंक होने से रोकता है और ऑयली स्किन में सीबम को रेगुलेट करता है। वहीं दूसरी और टमाटर में मौजूद विटामिंस और आयरन हेयर डैमेज को रोकते हैं। टमाटर के जूस का नियमित सेवन हेयर और स्किन के लिए काफी कारगर हो सकता है।



# अमूल्य ज्ञान का बोध

## ✻ सोलह संस्कार

1.गर्भाधान संस्कार 2. पुंसवन संस्कार 3. सीमन्तोन्नयन संस्कार 4. जातकर्म संस्कार 5. नामकरण संस्कार 6.निष्क्रमण संस्कार 7. अन्नप्राशन संस्कार 8. मुंडन संस्कार 9. कर्णवेधन संस्कार 10. यज्ञोपवीत संस्कार 11. वेदारंभ संस्कार 12. केशांत संस्कार 13. समावर्तन संस्कार 14. विवाह संस्कार 15. सन्यास संस्कार 16. अन्त्येष्टि संस्कार

## ✻ अष्ट सिद्धि

1.अणिमा 2. महिमा 3. गरिमा 4. लघिमा . 5.प्राप्ति 6. प्राकाम्य 7. ईशित्व 8. वशित्व

## ✻ नव निधियां

1.पद्म निधि 2. महापद्म निधि 3. नील 4. मुकुंद निधि 5. नंद निधि 6.मकर निधि 7. कच्छप निधि 8. शंख निधि 9. खर्व निधि

## ✻ 27 नक्षत्र

1.आश्विन, 2.भरणी, 3.कृतिका, 4.रोहिणी, 5.मृगशिरा, 6.आर्द्रा 7.पुनर्वसु, 8.पुष्य, 9.आश्लेषा, 10.मघा, 11.पूर्वा फाल्गुनी, 12.उत्तरा फाल्गुनी, 13.हस्त, 14.चित्रा, 15.स्वाति, 16.विशाखा, 11.अनुराधा, 18.ज्येष्ठा, 19.मूल, 20.पूर्वाषाढ़ा, 21.उत्तराषाढ़ा, 22.श्रवण, 23.धनिष्ठा, 24.शतभिषा, 25.पूर्वा भाद्रपद, 26.उत्तरा भाद्रपद और 27.रेवती

## ✻ 12 राशियाँ

1. मेष 2. वृषभ 3. मिथुन 4. कर्क 5. सिंह 6. कन्या 7. तुला 8. वृश्चिक 9. धनु 10. मकर 11. कुम्भ 12.मीन

## ✻ नवग्रह

1.सूर्य 2.चंद्र 3.मंगल 4.बुध 5.बृहस्पति 6.शुक्र 7.शनि 8.राहू 9.केतु

## ✻ चार वेद

1.ऋग्वेद 2.यजुर्वेद 3.सामवेद 4.अथर्ववेद

## ✻ सप्त ऋषि

1.वशिष्ठ 2.विश्वामित्र 3.कण्व 4.भारद्वाज 5.अत्रि 6.वामदेव 7.शौनक

## ✻ 18 पुराण

1.ब्रह्म पुराण 2.पद्म पुराण 3.विष्णु पुराण 4. वायु पुराण (शिव पुराण)5.भागवत पुराण 6.नारद पुराण 7. मार्कण्डेय पुराण 8.अग्नि पुराण 9.भविष्य पुराण 10.ब्रह्मवैवर्त पुराण 11.लिंग पुराण 12.वाराह पुराण 13.स्कन्द पुराण 14.वामन पुराण 15.कूर्म पुराण 16.मत्स्य पुराण 17.गरुड़ पुराण 18.ब्रह्माण्ड पुराण

## ✻ सोलह श्रृंगार

1.बिंदी, 2. सिंदूर, 3. काजल, 4. मेहन्दी, 5. चूड़ियाँ, 6. मंगल सूत्र, 7. नथ, 8. गजरा, 9. मांग टीका, 10. झुमके, 11. बाजूबंद, 12. कमरबंद, 13. बिछिया, 14. पायल, 15. अंगूठी, 16. स्नान

# बाबा अमरनाथ कावडिया संघ चौमूं नगर की नई कार्यकारिणी का हुआ गठन



जयपुर (संस्कार सृजन)

रेनवाल रोड स्थित श्री वीर तेजाजी मंदिर में बाबा अमरनाथ कावडिया संघ की मीटिंग में कावड़ यात्रा 2026 की कार्यकारिणी का गठन किया गया । इस अवसर पर पूर्व विधायक रामलाल शर्मा, एसीपी प्रदीप शर्मा, सिक्किम रायपाल के निजी सचिव विजय शर्मा, नगरपालिका पूर्व अध्यक्ष आशीष दुसाद, छुट्टन यादव, मुकेश सैनी आदि ने शुभकामनाएं दी।

पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने नई कार्यकारिणी का माला, दुपट्टा व साफा पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर रामलाल शर्मा ने कहा कि कावड़ यात्रा में तन,मन, धन से पूर्ण सहयोग किया जाएगा। चौमूं की कावड़ यात्रा की पूरे देश में पहचान बने व सनातन धर्म का परचम लहराए।


कार्यकारिणी के गठन में रजिस्ट्रेशन संयोजक प्रतीक शर्मा, व्यवस्थापक डॉक्टर रमेश देवन्दा, सहसंयोजक मनोज माचीवाल, मालेश्वनाथ मंदिर संयोजक डॉ.प्रवीण सैनी, व्यवस्थापक ओम प्रकाश कुमावत, चौमूं नगर विशाल शोभायात्रा संयोजक सुरेश गोदारा, व्यवस्थापक श्याम विजय शर्मा, सहसंयोजक कमलेश सैनी, कोषाध्यक्ष पूरण सैनी, आशीष ताम्बी, प्रचार प्रमुख अशोक पारीक, राजेश कुमावत, प्रवक्ता राजेंद्र गुलिया, भोजनालय प्रमुख रवीश गुरावा (एंटी), स्वस्तिवाचन प्रमुख हेमंत भात्रा, मंदिर प्रमुख राधावल्लभ रावत, समाज अध्यक्ष प्रमुख एडवोकेट कुमार गौरव सैनी, महिला मंडल प्रमुख कान्ता गुप्ता, सचिव अमृता कुमावत को बनाया गया।

इस वर्ष 16 व 17 अगस्त 2026 को आयोजित होने वाली कावड़ यात्रा विशाल लक्ष्य के साथ निकलेगी। इस वर्ष कावड़ यात्रा में चौमूं नगर के आसपास के सभी गांव में संपर्क किया जाएगा और रजिस्ट्रेशन किया जाएगा।


इस अवसर पर केदार छिपा, रमेश देवन्दा, अटल मेठी, तुषार सैनी, अशोक कुमावत, गौरीशंकर छीपा, सूर्यप्रकाश शर्मा, मनीष गोयल, व्यापार मंडल अध्यक्ष पवन सैनी, अविनाश सैनी, रवि सैनी, भरत कुमावत, जीतू सैनी, प्रमोद गोयल, दीपिका पारीक, सुमन यादव, मंजू शर्मा, पिंकी अग्रवाल व नगर के सामाजिक, धार्मिक, व्यापारिक, राजनीतिक स्वयंसेवी संगठन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## धर्म दर्शन

# पाक्षिक राशिफल



अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता
पंडित रविन्द्राचार्य




**मेष-** कामकाज को लेकर दौड़भाग बनी रह सकती है। ऑफिस में कुछ नए काम हाथ में आ सकते हैं। शुरुआत में थोड़ा दबाव महसूस होगा । घर के किसी बड़े की सलाह काम आ सकती है। खर्च बढ़ सकते हैं, इसलिए जेब का ध्यान रखें। किसी पुराने दोस्त से बात हो सकती है।

**वृषभ-** घर और काम दोनों को समय देना पड़ सकता है। नौकरी करने वालों के लिए समय ठीक है। कारोबार करने वालों को पुराने ग्राहकों से फायदा मिल सकता है। परिवार के साथ बैठकर किसी जरूरी बात पर चर्चा हो सकती है। सेहत को लेकर लापरवाही न करें।

**मिथुन-** नए लोगों से मिलने-जुलने का मौका मिलेगा । किसी जरूरी काम में दोस्त या जानकार की मदद मिल सकती है। नौकरी में माहौल आपके पक्ष में रह सकता है। घर का माहौल भी ठीक रहेगा। छोटी यात्रा का प्लान बन सकता है।

**कर्क-** पिछले कुछ समय से अटका कोई काम हो सकता है। ऑफिस में मेहनत का फायदा मिलता दिख सकता है। घर के लोग आपका साथ देंगे। पैसों को लेकर बड़ी परेशानी नजर नहीं आ रही। आखिर में मन हल्का महसूस होगा।

**सिंह-** कामकाज के मामले में यह समय ठीक रह सकता है। किसी नए काम की जिम्मेदारी मिल सकती है। कारोबार करने वालों को फायदा होने की उम्मीद है। परिवार के साथ समय अच्छा बीतेगा। किसी पुराने दोस्त से मुलाकात भी हो सकती है।

**कन्या-** काम थोड़ा ज्यादा रह सकता है। कई काम एक साथ आने से व्यस्तता बढ़ेगी। हालांकि मेहनत का फायदा भी मिलेगा। घर में किसी खुशी की बात सुनने को मिल सकती है। पैसों के मामले में सोच-समझकर फैसला लें।

**तुला-** जल्दबाजी में कोई फैसला लेने से बचें। नौकरी और कारोबार में धीरे-धीरे स्थिति बेहतर हो सकती है। परिवार का साथ मिलेगा। किसी पुराने मामले को लेकर चल रही चिंता कम हो सकती है। आखिर में राहत महसूस होगी।

**वृश्चिक-** यह समय आपके लिए अच्छा रह सकता है। कई छोटे-बड़े काम पूरे हो सकते हैं। ऑफिस में आपकी बात सुनी जा सकती है। दोस्तों और परिवार के साथ अच्छा समय बीतेगा। कोई अच्छी खबर भी मिल सकती है।

**धनु-** जिस काम को लेकर काफी समय से कोशिश कर रहे थे, उसमें आगे बढ़ने का मौका मिल सकता है। नौकरी और कारोबार दोनों में स्थिति ठीक रहेगी। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा। यात्रा का योग भी बन सकता है।

**मकर-** काम का दबाव बना रह सकता है, लेकिन मेहनत बेकार नहीं जाएगी। परिवार के लोगों का सहयोग मिलेगा। किसी पुराने विवाद को खत्म करने का मौका मिल सकता है। खर्च पर थोड़ा कंट्रोल रखना बेहतर रहेगा।

**कुंभ-** हर काम सोच-समझकर करना बेहतर रहेगा। नौकरी और कारोबार में सामान्य स्थिति बनी रहेगी। परिवार के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। आखिर में कोई अच्छी खबर मिल सकती है।

**मीन-** रुके हुए काम पूरे होने की संभावना है। नौकरी और कारोबार में स्थिति आपके पक्ष में रह सकती है। परिवार के लोगों का साथ मिलेगा। किसी करीबी से मुलाकात मन खुश कर सकती है।

# (कहानी) हौसलों की उड़ान



प्रभाती लाल सैनी

यह कहानी है रोहन की, जो एक छोटे से शहर का रहने वाला था। रोहन का बचपन से ही एक सपना था–एक बड़ा वैज्ञानिक बनना। वह अक्सर पुरानी, टूटी-फूटी चीजों को जोड़कर नए खिलौने या छोटे-मोटे गैजेट्स बनाने की कोशिश करता था। लेकिन उसके परिवार की आर्थिक स्थिति अछी नहीं थी। उसके पिता एक छोटी सी किराना दुकान चलाते थे, जिससे मुश्किल से घर का खर्च चलता था।

जैसे-जैसे रोहन बड़ा हुआ, उसकी राह में मुश्किलें भी बढ़ती गईं। जब उसने बारहवीं कक्षा पास की, तो वह शहर के सबसे बड़े इंजीनियरिंग कॉलेज में दाखिला लेना चाहता था। उसने प्रवेश परीक्षा दी और अछे अंकों से पास भी हो गया, लेकिन कॉलेज की फीस इतनी ज्यादा थी कि उसके पिता के लिए उसे चुकाना नामुमकिन था।

पड़ोसियों और रिश्तेदारों ने कहना शुरू कर दिया, रोहन, बड़े सपने देखना छोड़ दो। अपनी औकात के हिसाब से दुकान पर बैठो और पिता का हाथ बंटाओ।

रोहन का दिल टूट गया, लेकिन उसकी उम्मीद नहीं टूटी। उसने हार मानने के बजाय एक रास्ता चुना। उसने दिन में एक स्थानीय वर्कशॉप में मैकेनिक का काम करना शुरू किया और रात में उसी कॉलेज की लाइब्रेरी से पुरानी किताबें मांगकर खुद पढ़ाई करने लगा। उसकी दिनचर्या बेहद कठिन थी–सिर्फ 4 घंटे की नींद और बाकी समय कड़ी मेहनत। एक दिन, उस शहर में एक राष्ट्रीय स्तर की नवाचार और विज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें देश भर के बड़े-बड़े कॉलेजों के छात्र हिस्सा ले रहे थे। रोहन के पास महंगे उपकरण खरीदने के पैसे नहीं थे, इसलिए उसने वर्कशॉप के कबाड़ और फेंकी हुई इलेक्ट्रॉनिक चीजों का इस्तेमाल किया। उसने तीन महीने की रातों की नींद कुर्बान करके एक ऐसा किफायती सोलर वॉटर प्यूरीफायर बनाया, जो बहुत ही कम लागत में गंदे पानी को पीने योग्य बना सकता था।

प्रतियोगिता के दिन, जहां अन्य छात्र कोट-पेंट पहनकर अपने लाखों के प्रोजेक्ट्स चमका रहे थे, वहीं रोहन साधारण कपड़ों में अपने कबाड़ से बने मॉडल के साथ खड़ा था। शुरुआत में कुछ लोगों ने उसका मज़ाक भी उड़ाया।

लेकिन जब जजों की टीम रोहन के स्टॉल पर पहुंची, तो रोहन ने आत्मविश्वास के साथ अपने प्यूरीफायर का लाइव डेमो दिखाया। उसने गंदे नाले के पानी को चंद मिनटों में बिल्कुल साफ और पीने लायक बना दिया। जजों ने जब उसकी तकनीक, लागत और उसकी पीछे की कड़ी मेहनत की कहानी सुनी, तो पूरा हॉल तालियों से गूंज उठा। रोहन के उस कबाड़ से बने आविष्कार को प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार मिला। उसे न सिर्फ एक बड़ी इनामी राशि मिली, बल्कि देश के सबसे प्रतिष्ठित संस्थान में मुफ्त उच्च शिक्षा के लिए स्कॉलरशिप भी दी गई। उस दिन रोहन ने साबित कर दिया कि परिस्थितियां चाहे कितनी भी विपरीत क्यों न हों, अगर इरादे फौलादी हों, तो कामयाबी मिलकर ही रहती है।

इस कहानी से हमें सीख मिलती है कि सफलता संसाधनों की मोहताज नहीं होती, वह सिर्फ आपकी कड़ी मेहनत, अटूट संकल्प और कभी न हार मानने वाले हौसले की मांग करती है। आपके रास्ते में आने वाली मुश्किलें आपको रोकने के लिए नहीं, बल्कि यह परखने के लिए आती हैं कि आपके सपनों में कितनी जान है।

## आओ मेघा

आओ मेघा! जल लाओ रे।
तप्त धरा की प्यास बुझाओ रे॥
धरा तपन अब और न सहती,
सकल जीव-जगत अकुलाया है।
उष्ण पवन के तीक्ष्ण थपेड़ों ने,
हरित वनस्पति को मुरझाया है।
चहुँदिशि फैला शुष्क विराग,
प्रकृति ने दुःख-गीत सुनाया है।
जीवन की सूनी वीणा पर,
आशा का स्वर भर जाओ रे।
आओ मेघा! जल लाओ रे।
तप्त धरा की प्यास बुझाओ रे।
सूख गए सरिता के तट सब,
प्यासा हर एक किनारा है।
वन-उपवन नीरव बैठे हैं,
म्लान हुआ जग सारा है।
व्याकुल चातक नभ को ताके,
कब बरसे अमृत-धारा है।
अपने शीतल स्पर्श मात्र से,
नवजीवन फिर दे जाओ रे।
आओ मेघा! जल लाओ रे।
तप्त धरा की प्यास बुझाओ रे।
कृषक खड़ा है दृष्टि बिछाए,
नभ-पथ की ओर निहार रहा।
सूखी धरती की पीड़ा को,
अपने अंतर्मन में धार रहा।
स्वर्णिम फसलों के सपनों का,
दीपक मन में बार रहा।
आशाओं के सूने आँगन में,
खुशियों के फूल खिलाओ रे।
आओ मेघा! जल लाओ रे।
तप्त धरा की प्यास बुझाओ रे।
जब घिर-घिर आएँगे बादल,
नभ में श्यामल छटा छाएगी।
रिमझिम वर्षा की बूँदों से,
धरा पुनः मुस्काएगी।
हरित चुनरिया ओढ़ प्रकृति,
नव यौवन फिर पाएगी।
प्रेम-सुधा बरसाकर जग में,
मंगल-गान सुनाओ रे।
आओ मेघा! जल लाओ रे।
तप्त धरा की प्यास बुझाओ रे।
बरसो ऐसे करुणामय बन,
जीवन का वरदान बनो।
तप्त धरा के शुष्क अधर पर,
शीतल मधुर गान बनो।
जन-जन की अभिलाषाओं का,
पावन नव अभियान बनो।
सृष्टि के कण-कण में बसकर,
नव-सृजन दीप जलाओ रे।
आओ मेघा! जल लाओ रे।
तप्त धरा की प्यास बुझाओ रे।



महेन्द्र सिंह कटारिया
नीमकाथाना, राजस्थान

# अमन वर्मा बने कांग्रेस कची बस्ती प्रकोष्ठ के जयपुर जिला सचिव

**जयपुर (संस्कार सृजन)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा एवं कची बस्ती प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष भरत मेघवाल के निर्देशानुसार पानीपेच निवासी अमन वर्मा को जयपुर शहर कांग्रेस में कची बस्ती प्रकोष्ठ का जिला सचिव नियुक्त किया गया है। राज प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव (संगठन) इरफ़ान खान ने बताया कि इसके अलावा कची बस्ती प्रकोष्ठ में प्रदेश पदाधिकारियों एवं जिला अध्यक्षो की घोषणा भी की गई है, जिनमें पुष्पेंद्र सैनी को बनीपार्क ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एवं रफीक खान को सचिव बनाया गया है। उपरोक्त सभी नवनियुक्त पदाधिकारी कांग्रेस पार्टी एवं संगठन को मजबूत करेंगे। प्रकोष्ठ का उद्देश्य राजस्थान की कची बस्तियों के निवासियों की मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था के लिए शासन-प्रशासन के समक्ष उनकी आवाज बुलंद कर राहत प्रदान करना है।



# एसीपी अंजू यादव ने किया रंगमंच आपके द्वार अभियान के पोस्टर का विमोचन

**जयपुर (संस्कार सृजन)।** श्री गीतागोपाल नाट्यकला संस्थान, चौमूं के तत्वावधान में संचालित होने वाले रंगमंच आपके द्वार अभियान के पोस्टर का विमोचन चौमूं एसीपी कार्यालय में सहायक पुलिस आयुक्त अंजू यादव एवं एसीपी कार्यालय के एच.एम. रीडर रामकुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्थान अध्यक्ष, रंगमंच कलाकार एवं अभियान संयोजक गोल्ड मेडलिस्ट सुनील सोगण ने एसीपी अंजू यादव को अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान के माध्यम से रंगमंच को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत विद्यालयों, महाविद्यालयों, मोहल्लों तथा समाज के विभिन्न वर्गों के बीच सामाजिक, पर्यावरणीय एवं देशभक्ति विषयों पर आधारित नाटकों का मंचन किया जाएगा। साथ ही बुजुर्गों, महिलाओं एवं बचों को रंगमंचीय गतिविधियों से जोड़ने का विशेष प्रयास किया जाएगा। सहायक पुलिस आयुक्त अंजू यादव ने रंगमंच आपके द्वार अभियान को संस्कृति एवं रंगमंच के क्षेत्र में एक सराहनीय एवं उल्लेखनीय पहल बताते हुए इसकी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ऐसे अभियान समाज में जागरूकता फैलाने तथा सकारात्मक संदेश पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस दौरान उन्होंने अभियान संयोजक सुनील सोगण के कार्यों की भी सराहना की।



# महात्मा फुले जयंती समारोह एवं सैनी मेले के आय-व्यय का सर्वसम्मति से अनुमोदन



**जयपुर (संस्कार सृजन)**

महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान, चौमूं की प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक आज 15 जून को शहर के रींगस रोड़ स्थित सैनी समाज सभा भवन, चौमूं में संस्थान अध्यक्ष सुरेश तंवर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। संस्थान के कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश सिंगोदिया ने महात्मा फुले जयंती समारोह एवं सैनी मेले के आय-व्यय का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया, जिसका उपस्थित सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। संस्थान के महामंत्री डॉ. मान प्रकाश सैनी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग प्रदान करने वाले सभी भामाशाहों, समाजबंधुओं एवं कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। बैठक में सामाजिक एकता, शिक्षा, संगठन की मजबूती एवं समाज के सर्वांगीण उत्थान से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में विष्णु सैनी (पूर्व सभापति नगरपरिषद चौमूं एवं संरक्षक), हीरालाल पांया (अध्यक्ष, माली समाज), जयनारायण चंदेल (अध्यक्ष, भवन निर्माण समिति एवं संरक्षक), घीसालाल सैनी (प्रदेश महामंत्री, राजस्थान माली सैनी महासभा एवं संरक्षक), राधेश्याम तंवर (पूर्व अध्यक्ष, माली समाज एवं संरक्षक), गणेश नारायण बैनाड़िया (वरिष्ठ उपाध्यक्ष), श्रवण राई (पार्षद प्रतिनिधि एवं उपाध्यक्ष), राम चंद्र तूंदवाल (संरक्षक), छीतरमल बबेरवाल (कोषाध्यक्ष, भवन निर्माण समिति), विनोद सिंगोदिया (सह मंत्री), कैलाश चांदोलिया (सह मंत्री), मदनलाल बागड़ी (पूर्व मंत्री, माली समाज), प्रकाश राई, मनोज इंदौरा सहित अनेक पदाधिकारी एवं समाज के गणमान्यजन उपस्थित रहे। बैठक का समापन समाज हित में निरंतर कार्य करने एवं संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के संकल्प के साथ हुआ। इस अवसर पर समाजबंधुओं द्वारा हाल ही में ऑल इंडिया सैनी सभा के नवनियुक्त राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष विष्णु कुमार सैनी का माला, साफा एवं दुपट्टा पहनाकर तथा मुंह मीठा कराकर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

# टैंकर और ई-रिक्शा की भिडंत में बीएड छात्रा की मौत, निराश्रित गोवंश की वजह से हुआ हादसा

**जयपुर (संस्कार सृजन)**

चौमूं शहर के सामोद रोड पर विगत दिनों एक दर्दनाक सड़क हादसे में बीएड कर रही एक 20 वर्षीय छात्रा की मौत हो गई और अन्य लोग घायल हो गए। हादसे का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें पूरी घटना कैद हुई है।

प्राप्त सीसीटीवी फुटेज के अनुसार ई-रिक्शा के सामने अचानक एक आवारा गोवंश आ गया। उसे बचाने के प्रयास में ई-रिक्शा ड्राइवर वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और बेकाबू होकर सामने से आ रहे पानी के टैंकर से टकरा गया ।



कनिष्का सैनी

हादसा इतना भीषण था कि ई-रिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया और घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस फुटेज के आधार पर दुर्घटना के पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है। घटना की सूचना मिलते ही चौमूं पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाकर यातायात सुचारु कराया। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर डेड बॉडी परिजनों को सुपुर्द की ।

मृतका की पहचान कनिष्का सैनी उम्र 20 वर्ष, पुत्री शंकरलाल सैनी निवासी सामोद रोड नीमड़ी के रूप में हुई है। कनिष्का चौमूं के एक कॉलेज में बीएड की छात्रा थी। हादसे के समय वह कॉलेज से पढ़ाई करके ई-रिक्शा में अपने घर लौट रही थी। कनिष्का की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। एक होनहार छात्रा की असमय मौत से क्षेत्र में शोक की लहर है। वहीं, हादसे ने एक बार फिर सड़कों पर घूम रहे निराश्रित गोवंश की समस्या और उससे होने वाले हादसों को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## इनका कहना है

गौरक्षक दल अध्यक्ष शेर सिंह कुमावत ने बताया कि करीब साल भर पहले हमने यातायात पुलिस, टोल प्रशासन और गोरक्षकों के सहयोग से हाईवे पर घूम रहे निराश्रित गौवंश को कॉरिडोर बनाकर गौशाला में पहुंचाया था। समय-समय पर यह अभियान चलाया जाए तो दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। वहीं ग्रामीण इलाकों में गौशाला की स्थापना होने के उपरांत निराश्रित गोवंश घूमता हुआ नजर नहीं आएगा जिससे गोवंश की वजह से कोई भी दुर्घटना नहीं होगी। हमारे इस अभियान के बाद राजस्थान सरकार ने संज्ञान लेते हुए सड़क हादसों में कमी लाने के उद्देश्य से निराश्रित गोवंश को नेशनल और स्टेट हाईवे से हटाकर गौशाला में स्थापित करने के लिए बजट पारित किया था। यह योजना सिर्फ कागजों तक ही सिमित रही। इसे क्रियान्विति में लाने के लिए संबंद्धित निकायों द्वारा टेंडर जारी कर समाधान करना चाहिए।





## SK RISEHUB SEVA TRUST INDIA ने शुरू की राष्ट्रीय ग्राम सेविका भर्ती

**जयपुर (संस्कार सृजन)।** महिलाओं के सशक्तिकरण, स्वरोजगार एवं सामाजिक सेवा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से SK RISEHUB SEVA TRUST (INDIA) ने देशभर में राष्ट्रीय ग्राम सेविका भर्ती अभियान प्रारंभ किया है। संस्था के राष्ट्रीय कार्यालय जयपुर से जारी सूचना के अनुसार चयनित ग्राम सेविकाओं को पहचान पत्र, प्रशिक्षण सामग्री, सेवा फाइल तथा सामाजिक नेतृत्व का अवसर प्रदान किया जाएगा।

संस्था के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय शर्मा ने बताया कि यह अभियान ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की महिलाओं को सामाजिक नेतृत्व से जोड़ने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इच्छुक महिलाएं संस्था से जुड़कर शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, स्वरोजगार, सेवा कार्य एवं जनजागरूकता अभियानों में भाग ले सकेंगी।

# सैनी माली कुशवाहा समाज के पदाधिकारीयों की बैठक संपन्न

**श्रीमहावीरजी (संस्कार सृजन)**

गुरुवार को पक्का बाग स्थित सैनी समाज के जिला कार्यालय पर सैनी, माली,कुशवाहा, मौर्य , एवं मुरार समाज की पंचायत आयोजित हुई ।

जिसमें आगामी 25 जून को होने वाली 12प्रतिशत आरक्षण के मुद्दे पर विशाल महापंचायत को लेकर रणनीति पर चर्चा की गई। आयोजित पंचायत में निर्णय लिया गया कि 25 जून को दोपहर 11 बजे से भरतपुर पक्का बाग स्थित जगन्नाथ मैरिज होम में सैनी समाज की विशाल महापंचायत रखी गई है जिसमें सैनी, माली कुशवाहा मौर्य एवं मुरार समाज को 12प्रतिशत आरक्षण आंदोलन एवं बारह सूत्रीय मांग पत्र को गति देने पर समाज के गणमान्य पदाधिकारियों से चर्चा की जाएगी।



पंचायत को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि सैनी समाज के आरक्षण को हक बताते हुए इसके लिए हर संभव प्रयास करने का संकल्प लिया । यदुवंशी सैनी समाज पाल 12 गांव के अध्यक्ष रामेश्वर सैनी ने कहा कि विगत दशकों से चली आ रही सैनी समाज की यह मांग अब तो पूरी होनी चाहिए इसके लिए समाज कुर्बानी देने के लिए भी तैयार है । अध्यक्ष ने कहा कि फरवरी में समाज द्वारा आरक्षण के मुद्दे पर विधानसभा घेराव का प्रस्तावित कार्यक्रम था लेकिन सरकार की तरफ से आरक्षण संबंधी पदाधिकारीयों को आश्वासन दिया कि जल्द ही आपकी इस मांग पर विचार विमर्श करके उचित रास्ता निकाल लिया जावेगा, लेकिन तीन माह से अधिक समय निकल जाने के बाद भी सरकार की तरफ से इस मुद्दे पर कोई सुध अभी तक नहीं ली गई है। इसके लिए हमें मजबूती से डटकर आरक्षण की मांग को सरकार के साथ रखना है।

पंचायत को मानसिंह सैनी, चतर सिंह सैनी, रवि सैनी, खुशाल सैनी, घनश्याम सैनी, टीटू सैनी, तरुण कुमार सैनी आदि ने भी संबोधित किया और समाज की वर्षो से चली आ रही मांग को पुरजोर तरीके से उठाने के लिए करो या मरो के संघर्ष की बात कही। इस मौके पर सैनी, माली , कुशवाहा, मौर्य एवं मुरार समाज के दर्जनों पदाधिकारी मौजूद रहे।

# UEM जयपुर और स्किल डेवलपमेंट नेटवर्क के बीच हुआ MoU

**जयपुर (संस्कार सृजन)।** यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट जयपुर के स्कूल ऑफ़ मैनेजमेंट ने स्किल डेवलपमेंट नेटवर्क के साथ एक समझौता ज्ञापन साइन करके इंडस्ट्री और एकेडेमिया के बीच सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

इस MoU पर UEM जयपुर की एसोसिएट डीन (मैनेजमेंट) प्रो. (डॉ.) प्रीति शर्मा और स्किल डेवलपमेंट नेटवर्क के प्रतिनिधि सौम्यब्रत भट्टाचार्जी ने औपचारिक रूप से हस्ताक्षर किए। इस समझौते का उद्देश्य स्किल डेवलपमेंट, एंटरप्रेन्योरशिप, इनोवेशन, इंडस्ट्री-ओरिएंटेड शिक्षा और प्रोफेशनल क्षमता निर्माण के क्षेत्रों में सहयोग को मज़बूत करना है।



MOU हस्ताक्षर सेरेमनी डॉ. पवन शर्मा, आशुतोष गौतम, महेश जाट और तन्मय की मौजूदगी में आयोजित की गई, जिनके बहुमूल्य सहयोग और भागीदारी ने इस रणनीतिक साझेदारी के महत्व को रेखांकित किया। इस सहयोग के माध्यम से, दोनों संस्थान मिलकर छात्रों के लिए बेहतर सीखने के अवसर पैदा करेंगे। इसके लिए वे स्किल-बेस्ड ट्रेनिंग प्रोग्राम, वर्कशॉप, सर्टिफिकेशन कोर्स, एंटरप्रेन्योरियल डेवलपमेंट पहल, इंडस्ट्री इंटरैक्शन और उभरती हुई इंडस्ट्री की ज़रूरतों के अनुरूप इनोवेशन-ड्रिवन गतिविधियाँ आयोजित करेंगे। इस अवसर पर बोलते हुए, प्रो. (डॉ.) प्रीति शर्मा ने ज़ोर दिया कि UEM जयपुर सार्थक साझेदारियाँ बनाकर एकेडेमिया और इंडस्ट्री के बीच की खाई को पाटने के लिए प्रतिबद्ध है। इन साझेदारियों से छात्रों को भविष्य के लिए तैयार करने वाली क्षमताएँ, प्रैक्टिकल अनुभव और एंटरप्रेन्योरियल सोच मिलती है।




## डॉक्टर्स सम्मान समारोह का किया पोस्टर विमोचन

**चौमूं (संस्कार सृजन)।** जाहोता ग्राम में बलाई विकास समिति, जयपुर मुख्यालय-चौमूं की ओर से 1 जुलाई को डॉक्टर्स-डे पर आयोजित होने वाले डॉक्टर्स सम्मान समारोह का पोस्टर विमोचन समारोह के मुख्य संयोजक रामगोपाल डोई के सुपुत्र व्याख्याता महेश कुमार डोई ने किया।

समिति के महासचिव सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया ने बताया कि समारोह में सरकारी एवं निजी क्षेत्र में कार्यरत एलोपैथिक, आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक, फिजियोथैरेपी एवं पशु चिकित्सकों का सम्मान किया जाएगा। समारोह में अधिकाधिक संख्या में आने के लिए आमंत्रित किया। इस दौरान समिति के अध्यक्ष एड़वोकेट बद्रीनारायण परिहार, कोषाध्यक्ष नानगराम लूनीवाल, लाला राम महरडा, तेजपाल लूनीवाल, पंचायत समिति सदस्य सुनिता देवी, मीरा देवी, स्वाती देवी सहित कई मौजूद थे।

RNI N0. - RAJHIN/2021/80841
www.sanskarnews.page
EMAIL-sanskarsrijan21@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित।

उपसंपादक- रजनीश सैनी